जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा
www.dainikjagranmpcg.com ● राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद
भोपाल 26 अप्रैल 2026

### राज्य वित्त आयोग की जनप्रतिनिधियों से सीधी बात, आयोग की आगामी रिपोर्ट में मिले सुझावों को प्राथमिकता मिलेगी

# जिले में विकास और वित्त के नए समीकरणों पर किया मंथन, आय स्रोत जुटाने पर अहम चर्चा

**जागरण, सागर।** जिले के नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को छठवें राज्य वित्त आयोग की बैठक आयोजित की गई। आयोग अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद से विकास और वित्त के नए समीकरणों पर विस्तृत मंथन हुआ।

बता दें कि राज्य वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-आई और 243-वाय के तहत गठित एक संवैधानिक निकाय है जो हर 5 साल में पंचायतों और नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करता है। यह राज्य सरकार को स्थानीय निकायों पंचायतों/नगर निगम के बीच करों के बंटवारे, अनुदान सहायता और उनकी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए सिफारिशें करता है। श्री पवैया और सदस्य केके सिंह, वीरेंद्र कुमार ने सांसद, विधायक, महापौर और जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पवैया ने कहा कि स्थानीय निकायों को अब सरकारी अनुदान के बजाय आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने निकायों को स्वयं के आय के स्रोत विकसित करने के लिए प्रेरित किया ताकि वे छोटे-छोटे कार्यों के लिए शासन के भरोसे न रहें। अध्यक्ष ने कहा कि 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियमों का मूल उद्देश्य सत्ता और वित्त का विकेंद्रीकरण था। पंचायतों और निकायों को आर्थिक रूप से इतना सक्षम होना चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के विकास का रोडमैप खुद तय कर सकें।



### कॉमर्शियल स्रोत से आय वृद्धि : लारिया

नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने नरयावली विधानसभा में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, कॉलोनी निर्माण की बात रखते हुए सुझाव रखा कि कॉलोनाइजर्स, कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट, दुकानों आदि के माध्यम से पंचायत के आय के स्रोत में वृद्धि हो। उन्होंने सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए बिजली में आत्मनिर्भरता की बात भी रखी। देवरी विधायक बृज बिहारी पटैरिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी और जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने पंचायती राज संस्थाओं को सीधे फंड हस्तांतरण और आवंटन प्रक्रिया के सरलीकरण के सुझाव दिए।




### सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करें : पवैया

आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने सागर संभाग के कलेक्टरों, जिला पंचायतों के मु य कार्यपालन अधिकारियों, नगर पालिका अधिकारियों से राजस्व स्रोतों के नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की। पवैया ने कहा कि कलेक्टर्स श्रेष्ठ ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने सुझाव दिया कि बिजली की बचत और आने वाली ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बैठक में वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सागर संभाग में नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### आयोग अध्यक्ष ने लिया सभी जनप्रतिनिधियों से सीधा फीडबैक

बैठक में क्षेत्र के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी सेवाओं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवेज निकासी की स्थिति, विकास कार्यों के लिए प्राप्त राशि और स्थापना व्यय के अनुपात का संतुलन आदि विषयों पर चर्चा की गई। सांसद लता वानखेड़े ने ग्रामीण क्षेत्रों के वित्तीय सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। सागर विधायक शैलेंद्र जैन एवं महापौर संगीता तिवारी ने नगरीय विकास और राजस्व वृद्धि की चुनौतियों को रेखांकित किया। विधायक जैन ने अमृत योजना के क्रियान्वयन, पाइपलाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई रोड के रेस्टोरेशन, वाटर सप्लाई, नगर निगम के रेवेन्यू कलेक्शन के लिए जिस सर्वे के माध्यम से छूटे हुए घरों को जोड़ने, संपत्ति कर के भुगतान हेतु प्रोत्साहन स्कीम जैसे मुद्दों को लेकर अपने सुझाव रखे।

## डूब क्षेत्र के प्रभावित गांवों में शिविर आयोजित



**जागरण, सागर।** बंडा परियोजना अंतर्गत डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम सलैया खुर्द एवं पिपरिया इल्लाई में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में प्रभावित व्यक्तियों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान सलैया खुर्द एवं पिपरिया इल्लाई के प्रभावित परिवारों को 30 मई 2026 के पूर्व पनारी अथवा अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित होने के लिए अवगत कराया गया। इस अवसर पर एसडीएम बंडा आरती यादव, परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध आनंद, एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि सहित राजस्व विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**किसानों को किया जागरूक: जागरण, सागर।** ग्राम पंचायत झागरी विकासखंड बंडा में कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसानों के साथ बैठक आयोजित कर नरवाई प्रबंधन एवं उससे जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई।

## रातभर चले रेस्क्यू के बाद दो और शव भी निकाले

### बहेरिया की एक क्रेशर खदान में डूबे थे तीन युवक



**जागरण, सागर।** बहेरिया थाना अंतर्गत शुक्रवार को गुड़ा के समीप एक क्रेशर खदान में डूबे दो और युवकों के शव एसडीआरएफ ने शनिवार को रेस्क्यू कर लिए हैं। एक दोस्त का शव रात में ही बरामद कर लिया गया था। हादसे के बाद मृतकों के परिजन सदमे में हैं और क्षेत्र में मातम छाया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम शहर के केंट क्षेत्र निवासी सात दोस्त गुड़ा के समीप बनी एक क्रेशर खदान में नहाने के लिए गए थे। पहले यहां आ चुका तेजराम पटैल 20 वर्ष अपने इन सभी दोस्तों को लेकर आया था। जब तनिश कोरी उम्र 19 वर्ष खदान में नहाने के लिए उतरा तो वह गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगा। माजरा देखकर अभिषेक उम्र 20 वर्ष और तेजराम उसे बचाने के लिए लपके और पानी में कूद गए। हालांकि वे दोनों भी डूबने लगे। बाकी दोस्तों ने इन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन वे विफल रहे। बाद में अन्य दोस्त आयुष, मोहित, रोहित और शिवा वाल्मिकी ने घटना की जानकारी लोगों को दी। सूचना पर विधायक प्रदीप लारिया और परिजनों के साथ पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ को बुलाकर सर्चिंग शुरू की गई। रात होने पर प्रशासन ने मौके पर उजाले की व्यवस्था कराई।

### सीएम ने व्यक्त की शोक संवेदना

वहीं इस दर्दनाक घटना की जानकारी मिलते ही मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटनाक्रम को लेकर संवेदनाएं व्यक्त कीं और पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि जल्द दिलाने की घोषणा की। वहीं घटना को लेकर शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों में भी शोक की लहर है। पुलिस ने परिजनों को मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद सौंप दिए। अपने बच्चों के शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। वे इस हादसे पर विश्वास ही नहीं कर पा रहे थे।

## कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्त में

### रहली थाना क्षेत्र की है घटना, अंधे कत्ल का 24 घंटे में सनसनीखेज खुलासा



**जागरण, सागर।** पुलिस ने हत्या के वीभत्स मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिवस ग्राम बोमा खजूरा में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दोपहर लगभग 3 बजे आरोपी मोहन गौड़ ने अपनी पत्नी देवकी की सोते समय कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की रिपोर्ट मृतका के परिजन बलराम गौड़ द्वारा दर्ज कराई गई थी। आरोपी आदतन शराबी था और अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए अक्सर विवाद करता था। जघन्य कृत्य को अंजाम देने के बाद आरोपी घने जंगलों का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रहली सुनील शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्टाफ के साथ उसकी तलाश में जुट गए। स्थानीय होने के कारण आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए बोमा और आसपास के दुर्गम जंगलों में छिप गया था। पुलिस की हर हरकत पर नजर रखते हुए बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहा था। हालांकि घने जंगलों में चली घंटों की सर्चिंग और पुलिस की आक्रामक घेराबंदी के दबाव में आकर अंततः आरोपी को ग्राम विजयपुरा के पास से दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी मोहन पिता भूपत गौड़ 31 वर्ष ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि चरित्र शंका के चलते उसने हत्या की योजना बनाई थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। टीम में शामिल उनि हरिसिंह तोमर चौकी प्रभारी बलेह, प्रआर अमित चौबे, आरक्षक सतीश, विनय पथरोल, चालक आरक्षक सुनील दुबे की भी सराहनीय भूमिका रही।

## सार्वजनिक प्रसाधनों पर गलती मिलने पर अब होगी सख्त कार्यवाही, न करें कोताही

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए दिए आयुक्त ने निर्देश




**जागरण, सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा शहर को स्वच्छता में शीर्ष स्थान दिलाने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित कराई जा रही हैं। प्रतिदिन दिन एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की नियमित सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों तथा पब्लिक टायलेट्स की प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

निगमायुक्त ने कहा है कि सभी शौचालयों में दिव्यांगजन, बच्चों एवं बुजुर्ग नागरिकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँ तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी सार्वजनिक शौचालय या टायलेट में गंदगी पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी, जोन प्रभारी एवं सफाई दरोगा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा गंदगी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## हाथठेलों को राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के नीचे कराया शिफ्ट

### अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदारों पर अब होगी सख्ती : खत्री



**जागरण, सागर।** निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं मु य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राहतगढ़ बस स्टैंड से तीन मढ़िया विजय टाकीज तक सड़क किनारे हाथठेलों पर सब्जी एवं फल व्यवसाय संचालित करने वाले 13 हाथठेला संचालकों को नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा व्यवस्थित रूप से राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के नीचे स्थानांतरित कराया गया। निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य मुख्य मार्गों पर यातायात अवरोध को समाप्त करना तथा नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। सड़क किनारे हाथठेला लगाए जाने से अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती थी तथा राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए हाथठेला संचालकों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किया गया।कार्रवाई के दौरान मु य मार्गों के किनारे व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले अन्य व्यापारियों एवं हाथठेला संचालकों को भी समझाइश दी गई कि किसी भी स्थिति में सड़क एवं मुख्य मार्गों पर दुकान न लगाएं जिससे यातायात बाधित न हो अन्यथा कि स्थिति में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अतिक्रमण प्रभारी एवं टीम को निर्देश दिए हैं कि मु य मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध स त कार्रवाई की जाए ताकि शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि मु य बाजारों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाए तथा अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले व्यक्तियों की सामग्री जब्त कर चालानी कार्रवाई की जाए।

**इम्तेहान**

### एमपी पीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा आज शहर के 11 केंद्रों पर

## इलेक्ट्रिक डिवाइस का उपयोग रोकने अब नई जांच

**जागरण, सागर।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 सागर सहित प्रदेश के 54 संभाग/जिला मु यालयों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान फिस्किंग एवं बायोमेट्रिक पहचान की नवीन प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

इस हेतु समस्त परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से परीक्षा के 90 मिनिट पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होना हैं। परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई। ट्रांसजेण्डर अ यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपनी फिस्किंग महिला अथवा पुरुष कर्मचारी से करवाना चाहते हैं। परीक्षार्थियों के दोनों सत्रों में त्रिस्तरीय जांच की जाएगी। तत्पश्चात परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। रविवार को शहर के 11 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पारी की परीक्षा का वास्तविक परीक्षा समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक है। द्वितीय पारी की परीक्षा का वास्तविक परीक्षा समय दोपहर 2.15 बजे से सांय 4.15 बजे तक है। जिला मु यालय सागर में 4262 विद्यार्थी परीक्षा में स मिलित होंगें।

संभागायुक्त अनिल सुचारी ने शहर के परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, लाइंग स्क्वॉड, पुलिस, नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी तरह की कोताही न बरती जावे। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर, व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसे बालों को बांधने का क्लचर/बक्कल, सभी प्रकार की घड़ियां, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक/चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स/वॉलेट, टोपी वर्जित है। हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे/बंधन व ताबीज का स मानपूर्वक सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाएगा। धार्मिक धागे व महिलाओं के आभूषण उतारे नहीं जाएंगे। परीक्षा पर निगरानी रखने के लिए जिले में परीक्षा केन्द्रों हेतु आवश्यकतानुसार उड़नदस्ते गठित किए गए हैं।

### यह होंगे परीक्षा केंद्र

शहर के शास कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय शास. महाविद्यालय बड़तुमा, मकरोनियाया, शासआईटीआई खुरई रोड, ज्ञान सागर इंजीनियरिंग कॉलेज, उमावि पुरानी सदर, एडिना इंजीनियरिंग कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर रिमझिरिया, बालक उमावि मोराजी, बीटीआईआरटी इंजीनियरिंग कॉलेज, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय रिमझिरिया शामिल हैं। यहां परीक्षा को लेकर प्रशासन ने इंतजाम किये हैं।

### नवजात की मौत: तीन सदस्यीय जांच दल गठित

**जागरण, सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के आदेशानुसार बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच हेतु समिति गठित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जौरा नरयावली निवासी रीना राजपूत के प्रसव के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा समय पर उचित उपचार नहीं दिए जाने के कारण गंभीर लापरवाही सामने आई जिससे नवजात शिशु की मृत्यु हो गई। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में डॉ.सचिन मलैया क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग, डॉ.ब्रजेश यादव जिला चिकित्सालय सागर तथा प्रवीण दुबे नायब तहसीलदार सागर ग्रामीण को शामिल किया गया है। गठित दल को निर्देशित किया गया है कि वह मौके पर पहुंचकर दल प्रभारी के मार्गदर्शन में शिकायत के बिंदुओं के अनुसार विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें। गौरतलब है कि बीएमसी में लगातार लापरवाही सामने आ रही है।

## एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत हुआ आयोजन



**जागरण राहतगढ़।** शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ चंदनसिंह सागर के निर्देशन में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत कल की महिला नेतृत्व पर छात्राओं ने पोस्टर निर्माण किया। पखवाड़ा कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ छोटूराम सेन ने छात्राओं को आत्मरक्षा की आवश्यकता बताते हुए मार्शल आर्ट्स एवं जूड़ो कराटे का प्रशिक्षण दिया। डॉ श्रीकांत रिंगे ने बस एवं सार्वजनिक स्थलों पर आत्म सुरक्षा के लिए से टी पिन हेयर पिन कड़ा एवं पेन के इस्तेमाल के तरीके बताये। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अपर्णा दुबे ने नारियों के निर्भीक और आत्मविश्वासी जीवन के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण को अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में डॉ निधि नगाइच डॉ हरिनारायण विश्वकर्मा डॉ रितु व्यास डॉ भरत पटेल डॉ रश्मि जैन दीपशिखा नेमा अनीता मालवीय संदीप जैन आशीष रैकवार लखन पटेल पवन कोरी हीरा पटेल सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

**CHANGE OF DOB**

I, ARMY NO-17046991W,RANK-NK, NAME- SHRIKANT PANDEY SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT-VPO-DEWAITHA, TEHSIL ZAMANIA, DISTRICT-GHAZIPUR,STATE-UTTAR PRADESH, PIN CODE-232326 HAVE CHANGED MY DAUGHTER'S (AKSHITA PANDEY) DATE OF BIRTH FROM 21/09/2023 TO 20/08/2023 VIDE AFFIDAVIT DATED 25/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, **PUSHPA DHAMI**, IS MOTHER OF ARMY NO 22055915N, RANK SEP, NAME-**SURENDRA SINGH** DHAMI SERVING IN INDIAN ARMY, RESIDING AT-VILL GANAI, POST SINGALI. TEHSIL- DIDIHAT,DIST. PITHORAGARH, STATE-UTTRAKHAND PIN CODE-262543, HAVE CHANGED MY NAME FROM **PUSHPA DHAMI** TO **PUSHPA DEVI** VIDE AFFIDAVIT DATED 25/04/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

## न्यूज कार्नर

### हज यात्रियों का स्वागत किया



**दमोह।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा 25 अप्रैल को जा रहे हज यात्रियों का स्वागत किया। दमोह से अपाक्स संघ पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीकी अपाक्स संघ जिलाध्यक्ष श्रीमती फरत जहां, इमाम खां और उनकी अहिल्या का पुष्प मालाओं से स्वागत किया और प्रार्थना की हज वेतउल्लाह पहुंच कर हमारे मुल्क के लिए अमन शांति के लिए दुआ करना। स्वागत करने वालों में पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज चौबे जिला संरक्षक शेख हनीफ खान, जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार, उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष जयंत गांगरा उप सचिव सदन कटारया समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### दीपक बुझाकर नहीं, दीप जलाकर मनाएं जन्मदिन

**दमोह।** नीरज नयन महाराज वृंदावन ग्राम बिलाई हिंडोरिया में चल रही भागवत कथा में पंचम दिवस महाराजश्री ने कहा भारतीय संस्कृति में प्रत्येक कार्य का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया जाता है। वर्तमान समय में पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण करते हुए लोग दीप बुझाकर जन्मदिन मना रहे हैं जो कि सनातन धर्म के विपरीत है हमें अपनी संस्कृति पर नाज होना चाहिए, जन्मोत्सव कैसे मनाया जाता है। यह बाबा नन्द से सीखने जैसा है नंद बाबा ने लाला के जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम ब्राह्मणों से स्वस्ति वाचन कराया गायों का पूजन किया, भगवान शिव का पूजन,अभिषेक कराया। दीन दुखियों को दान दिया भूखे को भोजन कराया, हमें नंद बाबा द्वारा किए सत्कर्मों को आदर्श मानकर ऐसे ही शुभकर्म सत्कर्म जन्म दिन पर करना चाहिए जिससे हमारा जन्म दिन अविस्मरणीय तथा और के लिए प्रेरणा बन जाए। जमुना प्रसाद, नर्मदा प्रसाद, कमलेश पटेल, महेंद्र पटेल ने श्रोताओं से आग्रह किया कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### एमपी ट्रांसको ने दमोह की पारेषण व्यवस्था को किया सशक्त

# 220 केवी सबस्टेशन दमोह में ऊर्जीकृत हुआ नया 50 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर

**जागरण दमोह।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको ने दमोह जिले की विद्युत पारेषण प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी ट्रांसको द्वारा 220 केवी सबस्टेशन दमोह में क्षमता वृद्धि करते हुए 43 वर्ष पुराने 20 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 50 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। जिससे सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 650 एमवीए की हो गई है।



### विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और स्थिरता में होगा सुधार : तोमर

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि लगभग 5 करोड रुपये की अनुमानित लागत के इस अपग्रेडेसन से दमोह जिले में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार होगा। बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया यह कार्य न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि भविष्य की मांग के अनुरूप भी पर्याप्त क्षमता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा विद्युत मांग में वृद्धि को देखते हुए कंपनी द्वारा विभिन्न सबस्टेशनों पर क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस क्षमता वृद्धि से दमोह जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अधिक निर्बाध और विश्वसनीय हो सकेगी।

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता एमवाय मंसूरी ने बताया कि दमोह जिले की कुल स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढकर 1083 एमवीए हो गई है। दमोह जिले में एमपी ट्रांसको अपने छह सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 220 के वी सबस्टेशन दमोह के अलावा एवं 132 के वी के 5 सब स्टेशन दमोह 132 केवी 90 एमवीए, बटियागढ़ 90 एमवीए, हटा 113 एमवीए, पथरिया पतेरा 50 एमवीए एवं तेजगढ़ 90 एमवीए शामिल हैं।

### इन क्षेत्रों को होगा फायदा

श्री मंसूरी ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी के महत्वपूर्ण सब स्टेशनों में शामिल दमोह 220 के वी सब स्टेशन से 33 के वी के 13 फीडरों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। जिससे दमोह शहर, नरसिंहगढ़, बांसा, पटेरा, जबेरा के दो फीडर, बांदकपुर, जल निगम, बीएसएनएल, इंडस्ट्रियल, पावर ग्रिड, केरबना क्षेत्र शामिल हैं।

### समय में नहीं हुआ बदलाव

# भीषण गर्मी में भगवान भरोसे चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र

**जागरण हटा।** एक ओर भीषण गर्मी के चलते जिला कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित निजी एवं शासकीय स्कूलों का समय बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए बदल दिया गया एवं कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों का 30 अप्रेल तक अवकाश घोषित कर दिया गया है लेकिन इसके ठीक विपरीत जिले सहित हटा ब्लाक में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्र इन दिनों भगवान भरोसे चल रहे है। भीषण गर्मी के बावजूद आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। जहां एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं छोटे-छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को तय समय पर केंद्र पहुंचना पड़ रहा है जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। क्योंकि भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय आज दिनांक तक नहीं बदला गया है। जिससे बच्चे सुबह 9 बजे आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाते है और तपती दोपहर में 2 बजे के बाद तक बैठते है। सबसे बड़ी बात यह है कि बच्चें आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्मी से झुलस रहे है लेकिन एसी में बैठे अधिकारी और कर्मचारी बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल चितिंत नहीं है। इसलिए अभी तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय बदला नहीं गया है। जबकि आंगनबाड़ी केन्द्रों में तीन वर्ष से पांच वर्ष की उम्र के बच्चे अध्ययन करते है। इसके बावजूद भी महिला बाल विकास के जिम्मेदार अधिकारियों ने आंगनबाडियों का समय बदलने के लिए कलेक्टर के पास अधिकृत कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की हटा ब्लॉक अध्यक्ष अनुराधा प्रजापति ने बताया कि भीषण गर्मी में बच्चे झुलस कर बीमार हो रहे है। जबकि डॉक्टरों की सलाह है कि तापमान में वृद्धि के चलते दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक की धूप का बचाव करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरूरी है। हटा क्षेत्र में बच्चों के अभिभावकों द्वारा मांग की जा रही है कि आंगनबाड़ी केंद्र के अवकाश घोषित किया जावे या फ़िर सुबह के समय केंद्रों का संचालन किया जावे क्यों कि बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशान होना पड़ रहा है। जबकि कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर शुक्रवार को कक्षा 1 से 5 तक प्राथमिक स्कूलों का अवकाश घोषित कर कर दिया है। जब इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल जैन से बात की तो उनका कहना था कि शीघ्र ही आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में परिवर्तन किया जावेगा।

# प्रशासनिक लापरवाही: पथरिया में अवैध शराब कारोबार जारी

**जागरण पथरिया।** दमोह जिले के पथरिया विधानसभा मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार निरंतर जारी है। जहां सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर नहीं पहुंच पातीं वहीं अवैध शराब की श्होम डिलीवरी सेवा पूरी मुस्तैदी से चल रही है। सूत्रों के मुताबिक शराब ठेकेदारों की मनमानी के चलते अवैध शराब का कारोबार एक छोटे उद्योग का रूप ले चुका है। दर्जनों युवक बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिलों पर दिनदहाड़े शराब की सप्लाई करते नजर आते हैं, मानो उन्हें प्रशासन की खुली छूट मिली हो।

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई छुपा हुआ खेल नहीं बल्कि आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन की नजरों के सामने खुलेआम चल रहा कारोबार है। इसके बावजूद कार्यवाही न होना कई सवाल खड़े करता है। इसी बीच भगवती मानव कल्याण संगठन पथरिया के कार्यकर्ता लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। 24 अप्रैल को पथरिया दमोह रोड स्थित शराब दुकान से ले जाई जा रही अवैध शराब को पकड़ा गया। आरोपी कोरकू और जितेंद्र आहिरवार निवासी वार्ड क्र. 14, पथरिया बिना नंबर की डिस्कवर मोटर साइकिल से 75 पाव लाल मसाला, 50 पाव देशी प्लेन शराब ले जाते हुए पकड़े गए।



दूसरी कार्रवाई जेरठ चौकी अंतर्गत ग्राम चिरोला में हुई जहां दो पेटी अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी मौके से मोटरसाइकिल और शराब छोड़कर फरार हो गए। 25 अप्रैल सुबह करीब 10 बजेए पथरिया नगर के रजवास तिगड़ा पर आरोपी विशाल पटेल निवासी दमोह होंडा मोटर साइकिल से 100 पाव देशी प्लेन, 50 पाव देशी लाल मसाला लेकर जा रहा था जिसे संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सवाल यह उठता है कि जब आम नागरिक और सामाजिक संगठन अवैध शराब पकड़ कर पुलिस को सौंप रहे हैं तो जिम्मेदार आखिर कब सक्रिय होंगे।

### पूर्व कार्यपालन यंत्री निलंबित

**दमोह।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए मनोज कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गुप्ता जो पहले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह में प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में सहायक यंत्री के रूप में कार्यरत थे, उन पर मुख्यमंत्री अवसंरचना मद 6084 के तहत ग्रेवल प्रोफाइल सुधार कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पाए गए। आदेश के अनुसार यह कार्रवाई मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत की गई है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा परिक्षेत्र जबलपुर निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में मनोज गुप्ता को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। इस कार्रवाई को विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा होगी आज

### दमोह जिले में 1788 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जागरण दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन आज 26 अप्रैल रविवार को दमोह जिले के 4 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक किया जा रहा है। उक्त परीक्षा में दमोह जिले में 1788 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया आयोग के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, मोवाईल, धूप का चश्मा, कफलिंक, हाथ के वैण्ड, बंधन धागे, रवर, पैसिंल, व्हाइटनर, बालो का बलेचर, बक्कल, घड़ी, वेल्ट, पर्स, टोपी लाना परीक्षा केंद्र पर वर्जित हैं। जिन अभ्यर्थियों को आनलाईन प्रवेश पत्र में उनके फोटो तथा हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है या अनुपलब्ध है उन्हें आनलाईन प्रवेश पत्र पर विहित स्थान पर अपना फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करें तथा फोटो आवंटित केंद्राध्यक्ष से सत्यापित कराएंगें तथा फोटो की एक प्रति भी साथ ले जाये, उक्त फोटो के पीछे अपना नाम, आवेदन क्रमांक एवं अनुक्रमांक अंकित करेंए अपने साथ आवेदन पत्र की रसीद रखें। परीक्षा केंद्र पर आयोग द्वारा निर्धारित परिचय पत्रों में से किसी एक मूल पहचान पत्र लेकर आएंगे।

# गवाही के विवाद में चली गोली, एक व्यक्ति घायल

## पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, आरोपियों ने रास्ते में रोककर किया फायर



**बीना जागरण।** क्षेत्र के देवराजी गांव में गवाही को लेकर शुरू हुआ विवाद शनिवार को हिंसक घटना में बदल गया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने एक युवक को रास्ते में रोककर उस पर फायरिंग कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार देवराजी निवासी चैन सिंह लोधी आयु 35 वर्ष पिता हरिशंकर लोधी का 24 तारीख को गांव के ही रामराजा लोधी से किसी मामले में गवाही देने की बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मामूली झड़प भी हुई थी। विवाद के बाद चैन सिंह ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

बताया गया है कि शनिवार सुबह चैन सिंह बाइक से अपने गांव से कंजिया की ओर जा रहे थे। जब वह भानगढ़ थाना क्षेत्र स्थित परासरी नदी के पुल के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनकी बाइक रोक ली। आरोप है कि रामराजा लोधी अपने साथियों लक्ष्मण लोधी निवासी लहरावदा और हजरत लोधी के साथ मौके पर मौजूद था। यहां एक बार फिर विवाद शुरू हो गया और गाली-गलौज के बीच आरोपी रामराजा लोधी ने कट्टे से फायर कर दिया।

गोली चैन सिंह के बाएं हाथ की भुजा में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं और लंबे समय से उनके बीच विवाद चल रहा है। बीती रात भी दोनों के बीच मारपीट हुई थी, जिसके बाद एक पक्ष द्वारा मामला दर्ज कराया गया था।

इसी पुरानी रंजिश के चलते यह घटना सामने आई है। कंजिया चौकी प्रभारी कमलेश धुर्वे ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर रामराजा लोधी, लक्ष्मण लोधी और हजरत लोधी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय पंजाब निवासी क्रेन ट्रक क्लीनर की मौत

**बीना जागरण।** पंजाब निवासी 28 वर्षीय हैप्पी उर्फ दलजीत राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक क्रेन ट्रक के साथ श्रीनगर से बीना रिफाइनरी आया था और शुक्रवार शाम करीब 5 बजे बीना पहुंचा था। जानकारी अनुसार बीना पहुंचने के बाद क्रेन को ट्रक से अनलोड किया गया। इसके बाद ग्राम पार के पास पार्किंग में ट्रक को साइड में खड़ा कर हैप्पी ने खाना खाया और ड्रिंक की। बताया जा रहा है कि वह ट्रक में क्लीनर (सहायक) का काम करता था और रात में ट्रक के अंदर ही सो गया। शनिवार सुबह करीब 6 बजे ड्राइवर सुजान सिंह राजपूत ने उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठा और कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। स्थिति संदिग्ध लगने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास मौजूद लोगों ने भी देखा तो हैप्पी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके बीना पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।



### कन्या महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का समापन

**बीना जागरण।** शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का आज गरिमामय समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए सबसे पहले यह बात रखी कि प्रत्येक महिला को अपनी अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानकर उसे सही रूप देना चाहिए ताकि वह समाज में अपना स्वतंत्र और सशक्त अस्तित्व स्थापित कर सके। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री मृणालिनी मिश्रा के संयोजन में आयोजित इस समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जितेंद्र राय उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में ईमानदारी से कर्तव्यों के निर्वाह पर जोर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा राजनीतिक क्षेत्र में लागू किए जा रहे 33त्न महिला आरक्षण के माध्यम से अब महिलाओं को और भी अधिक शक्ति के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती राखी समैया ने पौराणिक काल और आधुनिक तकनीक के युग का सुंदर विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने समझाया कि पौराणिक काल की नारी शक्ति आज के टेक्नोलॉजी युग से कहीं अधिक सामर्थ्यवान थी, इसलिए हमें अपनी उसी गौरवशाली नारी शक्ति परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज निर्माण में सक्रिय सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती सुनीता राय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और नारी सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय में आयोजित इस सत्र में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं




### 43 डिग्री पर तापमान, बार-बार बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल



**बीना जागरण।** अप्रैल माह के अंतिम दिनों में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीना सहित आसपास के क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। गर्मी के साथ-साथ बार-बार हो रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। एक ओर जहां बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बार-बार फॉल्ट आने से आपूर्ति बाधित हो रही है। सुबह से लेकर देर रात तक कई बार बिजली गुल हो रही है, जिससे लोग गर्मी से बेहाल हैं।

बाजारों में भी इसका असर साफ देखा जा रहा है। कूलर, पंखा, एसी और फ्रिज की मांग में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है, ताकि किसी तरह गर्मी से राहत मिल सके।

**पुराने तार और स्टाफ की कमी बनी समस्या**

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के पुराने तारों का जाल फैला हुआ है। लोड बढ़ने के बावजूद समय पर सुधार नहीं होने से बार-बार फॉल्ट की स्थिति बन रही है। विभाग में कर्मचारियों की कमी के चलते सुधार कार्य में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

**गांवों में पेड़ों की छांव बना सहारा**

ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। किसान और ग्रामीण पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। खेतों में काम कम हो गया है और लोग शाम के समय ही बाहर निकलना पसंद कर रहे हैं।

**बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग**

लगातार हो रही बिजली कटौती और बढ़ती गर्मी के बीच लोगों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि राहत मिल सके।

### टीआरडी को मिला मंडल का सर्वोत्तम डिपो पुरस्कार

**बीना जागरण।** रेलवे भोपाल मंडल में आयोजित सेवा सप्ताह सम्मान समारोह के दौरान बीना के टीआरडी डिपो को मंडल का सर्वोत्तम डिपो घोषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और विभागों को सम्मानित किया गया। जिनमें बीना टीआरडी डिपो ने अपने बेहतर कार्य निष्पादन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की।

विभाग की ओर से यह सम्मान एसएसई एमएम खान को प्रदान किया गया। इसी क्रम में सिग्नल विभाग के एसएसई आनंद पटेल को सर्वश्रेष्ठ दूरसंचार डिपो का पुरस्कार दिया गया। वहीं इंजीनियरिंग विभाग के आईओडब्ल्यू राजीव रंजन को रेलवे कॉलोनियों में बेहतर साफ-सफाई और सुविधाएं सुनिश्चित करने सम्मानित किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यालय में रहने के निर्देश

**बीना जागरण।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अप-डाउन को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को गर्ल्स कॉलेज में आयोजित बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ताओं का मुख्यालय पर रहना अनिवार्य होगा। बैठक में करीब 170 ग्रामीण आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ योजनाओं की समीक्षा की गई।

इस दौरान आंगन आईडी, आधार लिंकिंग, लाड़ली लक्ष्मी योजना और कुपोषण जैसे विषयों पर विशेष जोर देते हुए इस संबंध में प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए।

# 25 वार्डों की समीक्षा में अनियमितताएं उजागर एक सप्ताह में सुधार का मिला आश्वासन

**बीना जागरण।** नगर की मतदाता सूची में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कांग्रेस के मतदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 2 से 22 अप्रैल तक 25 वार्डों की समीक्षा में कई गंभीर त्रुटियां उजागर हुई हैं। यह समीक्षा विधानसभा क्षेत्र 35 बीना के सह प्रभारी महेंद्र कुमार नवैया के नेतृत्व में की गई। समीक्षा के दौरान सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि नगर का इंदिरा गांधी वार्ड मतदाता सूची में कहीं दर्ज ही नहीं है। मतदान केंद्र क्रमांक 86 से 147 तक की सूचियों के परीक्षण में वार्ड का कोई उल्लेख नहीं मिला। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि उक्त वार्ड के मतदाताओं को किस वार्ड में शामिल किया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि प्रताप वार्ड में 296 मतदाताओं की असामान्य वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अधिकांश वार्डों में मतदाताओं की संख्या घटी है। नगर के कई वार्ड वीरसावरकर, चंद्रशेखर, गांधी, मस्जिद और नानक वार्ड में सैकड़ों मतदाताओं की कमी पाई गई। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में बीना नगर में कुल 52906 मतदाता थे, जो वर्ष 2026 में घटकर 46959 रह गए। इस तरह कुल 5947 मतदाता कम हो गए। जो लगभग 10.56 प्रतिशत की गिरावट है। इसमें 2333 पुरुष और 3614 महिला मतदाता शामिल हैं। समीक्षा में मतदान केंद्रों की मतदाता सूचियों में तकनीकी खामियां भी सामने आईं। कई केंद्रों पर मकान क्रमांक में गड़बड़ी, एक जैसी प्रविष्टियां और सूची व वास्तविक विवरण में अंतर पाया गया। कुछ केंद्रों पर तो मकान क्रमांक का उल्लेख ही नहीं किया गया है, जिससे मतदाताओं और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। महेंद्र कुमार नवैया ने बताया कि इन त्रुटियों की जानकारी पूर्व में भी प्रशासन को दी गई थी, लेकिन अब तक सुधार नहीं किया गया। इस संबंध में उन्होंने तहसीलदार हेमराज मैहर से चर्चा की, जिन्होंने एक सप्ताह के भीतर जांच कर सुधार का आश्वासन दिया है। नवैया ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो आगामी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न उठेंगे। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है।



### ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दो ट्रेनों की अवधि बढ़ाई

**बीना जागरण।** ग्रीष्मकालीन यात्रा के बढ़ते दबाव को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। रेल प्रशासन ने दो प्रमुख विशेष ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस दैनिक विशेष ट्रेन अब 15 मई से 15 जुलाई 2026 तक चलाई जाएगी। वहीं गोरखपुर से वापसी में यह ट्रेन 17 मई से 17 जुलाई तक संचालित होगी।

यह ट्रेन इटारसी, भोपाल और बीना स्टेशन पर ठहराव लेकर यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी। ट्रेन में एसी द्वितीय, एसी तृतीय, शयनयान, सामान्य एवं एसएलआर कोच सहित कुल 22 डिब्बे लगाए गए हैं। इसी तरह गाड़ी संख्या 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-हडपसर दैनिक विशेष ट्रेन की अवधि भी बढ़ाई गई है। यह ट्रेन पुणे से 15 मई से 15 जुलाई तथा गोरखपुर से 16 मई से 16 जुलाई तक संचालित होगी। यह ट्रेन इटारसी, रानी कमलापति और बीना स्टेशन से होकर गुजरेगी। इसमें कुल 18 कोच लगाए गए हैं, जिनमें एसी एवं सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इन ट्रेनों के संचालन से बीना क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में बेहतर विकल्प मिलेगा और गर्मी के सीजन में भीड़ का दबाव कम होगा।

## न्यूज कार्नर

### रफ्तार का कहर : बस ने पीछे से बाइक में मारी टक्कर

**जागरण,नौगांव।** जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। इसी क्रम शुक्रवार का एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब राधास्वामी बस तेज रफ्तार से जा रही थी और बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सबसे पीछे बैठे आकाश अहिरवार निवासी मऊसहानिया की मौके पर मौत हो गई। मृतक की उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है। मोटर साइकिल में जो दो लोग आगे बैठे हुए थे उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि मृतक आकाश अहिरवार के माता पिता पहले से नहीं हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद बस को जप्त कर लिया गया है। और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**जागरण,गौरिहार ।** माह नवंबर वर्ष 2024 में थाना गौरिहार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चूहाखेड़ा में फरियादी कालीदीन अहिरवार पर गोली चलाकर हत्या के प्रयास संबंधी रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा फरार हत्या के प्रयास के आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 5000 के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। पुलिस टीम द्वारा गोली चलाकर हत्या के प्रयास करने वाले 5000 के इनामी आरोपी अर्जुन अहिरवार पिता मैकू अहिरवार निवासी ग्राम चूहा खेड़ा थाना गौरिहार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक आर एन पटेरिया, चौकी प्रभारी पहरा उप निरीक्षक देवेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक शिवम मिश्रा, शेरा सिंह, दीप सिंह, अखिलेश मिश्रा, अमित शर्मा, शंकर पटेल कमल सिंह एवं टीम की भूमिका रही।

### शारदा पटेल बेच रहा था प्रहलाद पटेल के पंजीयन पर गेहूं

# स्वामी विवेकानंद समिति में गेहूं खरीदी के दौरान एसडीएम ने पकड़ा फर्जीवाड़ा, किसान का पंजीयन निरस्त



**जागरण,छतरपुर।** मण्डी प्रागंण छतरपुर में गेहूं खरीदी कर रही स्वामी विवेकानंद विपणन सहकारी समिति में शनिवार को शारदा पटेल नामक व्यक्ति प्रहलाद पटेल नाम के किसान के पंजीयन पर गेहूं बेंचकर फर्जीवाड़ा कर रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल और तहसीलदार पियुष दीक्षित राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान उन्होंने पाया कि दूसरे किसान के पंजीयन के नाम पर दूसरा व्यक्ति गेहूं बेंच रहा था। जबकि जिस किसान का पंजीयन हो उसी किसान को बेंचने के लिए आना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं पाया गया जिस कारण किसान का पंजीयन निरस्त कर दिया गया और गेहूं जप्त कर कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों का गेहूं खरीदनें की व्यवस्था 80 केन्द्रों मे की गई है इन 80 केन्द्रों मे से 3 केन्द्र छतरपुर मण्डी प्रागंण में है। जिसमें से दो सरकारी समितियों के और 1 प्राइवेट स्वामी विवेंकानद विपणन सहकारी समिति का केन्द्र खोला गया है लेकिन इन केन्द्रों मे किसानों के साथ लूट की जा रही है। शासन द्वारा तुलाई मुफ्त में करने का दाबा किया जा रहा है लेकिन केन्द्रों मे किसानों से खुलेआम बसूली चल रही है खासकर मण्डी प्रागंण में चल रहें केन्द्रों मे यह गोरखधंधा चल रहा है। गेहूं लेकर पहुंचने वाले किसानों की पहले 25 रूपए क्विटंल के हिसाब से रशीद काटी जाती है और फिर 6 रूपए तुलाई के नाम पर किसान से लिया जाता है। ऐसे में मुफ्त तुलाई का दावा पूरी तरह से विफल हो रहा है मण्डी प्रागंण में दो सहकारी समितियों और एक प्राईवेट स्वामी विवेंकानद विपणन सहकारी समिति को खरीदी के लिए अधिकृत किया गया है। लेकिन यहां किसान कम व्यापारी ज्यादा पहुंच रहें है और किसानों के खातें में व्यापारियों का गेहूं डाला जा रहा है इस बात की आशंका पहले ही जताई जा रही थी कि खरीदी में देरी होने के कारण किसान अपना गेहूं खुले बाजार में बेच रहा है लेकिन खरीदी शुरू होने पर इसका लाभ व्यापारियों को मिलेगा जो अब देखने को मिल रहा है। यह स्थिति जब जिला मुख्यालय के खरीदी केन्द्रों मे है तो जिले में ग्रामीण अचंलों के केन्द्रों मे क्या स्थिति होगी इसका अंदाजा यही से लगाया जा सकता है अब देखना यह है कि क्या प्रशासनिक अधिकारी मनमानी करने वाले खरीदी केन्द्रों पर कोई कार्यवाही करतें है या फिर नहीं।

**इनका कहना**

स्वामी विवेकानंद समिति ने शारदा पटेल द्वारा प्रहलाद पटेल के पंजीयन पर गेहूं बेंचा जा रहा था जिसकी शिकायत पर गेहूं जप्त किया गया और पंजीयन निरस्त किया गया। नियमानुसार जिस किसान का पंजीयन हो उसी किसान को गेहूं बेंचने के लिए आना चाहिए था। और जांच की जा रही है।

**प्रशांत अग्रवाल, एसडीएम, छतरपुर**


# जिला जेल व उपजेलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, जांची सेहत



**जागरण,छतरपुर।** जिला जेल छतरपुर सहित उपजेल नौगांव, बिजावर एवं लवकुशनगर में शनिवार को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर संजीव सचदेवा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने भी वर्चुअल माध्यम से बंदियों को स्वास्थ्य एवं विधिक सहायता संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। जिले में शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में, जिला चिकित्सालय एवं जिला जेल प्रशासन के समन्वय से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में बंदियों का सामान्य परीक्षण करने के साथ-साथ बी.पी., शुगर, टी.बी., एचआईवी, नेत्र, नाक-कान-गला, दंत, अस्थि एवं स्त्री रोग से संबंधित जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। साथ ही आवश्यकतानुसार रक्त के नमूने भी लिए गए। परीक्षण के उपरांत प्रत्येक बंदी को हेल्थ कार्ड जारी कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ. वीरेन्द्र कुमार चढ़ार (जिला विधिक सहायता अधिकारी), डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. किरण अग्रवाल (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. कविता (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. गायत्री नामदेव (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकुर खरे (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनोज चौधरी (सर्जिकल विशेषज्ञ), डॉ. अंकुर चौरसिया (नाक-कान-गला विशेषज्ञ), डॉ. राजेश मिश्रा (अस्थि रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. अशोक नौगरिया (दंत रोग विशेषज्ञ) सहित पैरा-मेडिकल स्टाफ एवं एलएडीसीएस के डिफेंस अधिवक्ता राजेन्द्र शर्मा एवं प्रियंका सोनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन उपजेलर मनीष त्यागी द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 267 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 247 पुरुष, 19 महिलाएं एवं 1 बच्चा शामिल रहा।

# बिजावर रेंजर ने 200 हेक्टयर भूमि अतिक्रमण से कराई मुक्त

## वन भूमि अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 22 वाहन जब्त



**बिजावर।** वन परिक्षेत्र बिजावर के रेंजर पवन राय जबसे वन परिक्षेत्र बिजावर में पदस्थ हुए हैं। तभी से उनके द्वारा वन अपराधों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। रेंजर की इस कार्यवाही से कुछ लोगों में खलबली मची हुई है जिससे रेंजर के विरूद्ध झूठे षडयंत्र रचे जा रहे हैं। रेंजर पवन राय ने बताया कि 1 मार्च 2025 से 1 मार्च 2026 तक 259 प्रकरण अतिक्रमण के दर्ज किये गये हैं। जबकि वन भूमि अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 22 वाहन जप्त किये गये हैं। इसी तरह वन परिक्षेत्र बिजावर के अंतर्गत 200 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। जिन लोगों ने लम्बे समय से वन भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था अब हटाये जाने के कारण रेंजर के विरूद्ध झूठे षडयंत्र रच रहे हैं। रेंजर पवन राय ने बताया कि वर्ष 2016-17 का प्लांटेशन अलग था और वर्तमान का प्लांटेशन अलग है। उन्होंने बताया कि बिजावर वन परिक्षेत्र की टीम लगातार वनों की सुरक्षा और वन अपराध रोकने के लिए प्रयासरत है। जो काम हो रहे हैं वह मजदूरों के माध्यम से होते हैं। कोई फर्जी बिल नहीं लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि किसी पुराने प्लांटेशन को नया नहीं बताया गया है। लगातार कार्यवाही होने के कारण लोग विचलित हो रहे हैं।

# खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना के मुआवजे पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**जागरण,छतरपुर ।** बीते रोज खजुराहो के क्लार्क होटल में केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मुआवजे से जुड़े मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया एवं केन-बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी नवीन गौर सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित विस्थापितों के प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान रूंझ-मझगांय क्षेत्र से जुड़े अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान मुआवजे से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया और प्रभावितों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी मुद्दों का समुचित समाधान सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बनाकर आगे भी संवाद जारी रखा जाएगा। प्रस्तुत सुझाव और मांगो को उच्च स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के दौरान विस्थापित किसानों एवं अन्य प्रतिनिधियों द्वारा मांगे एवं सुझाव रखे गए। जिसमें कहा गया कि पुनर्वास एवं पुनर्विस्थापन पैकेज की पात्रता हेतु वर्तमान में दो कट ऑफ तिथियॉ (निजी एवं आबादी) निर्धारित है किन्तु इसे संशोधित कर 1 अप्रैल 2026 कट ऑफ तिथि निर्धारित करने का प्रस्ताव रखा गया ।परियोजना अंतर्गत जिन गाँवो का स्थानांतरण किया जा रहा है इस संबंध में गांव के बदले गांव के सिद्धांत का सुझाव दिया गया। साथ ही मुआवजा राशि को वर्तमान 12.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने आदि प्रस्ताव एवं सुझाव प्रस्तुत किये गए। इन सभी मांगों और सुझाव को अधिकारियों द्वारा सुना गया साथ ही आश्वासन दिया गया कि इस मांगो को उच्च स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

### शहर की सड़कों पर दोपहर के समय पसरा रहता है सन्नाटा

# अप्रैल माह में ही गर्मी ने दिखाना शुरू किए अपने तेवर, पारा 42 डिग्री पार



**जागरण, गंजबासौदा।**

शनिवार को तापमान में हुई वृद्धि और लू भरी हवाओं के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। जिसके कारण नगर की सड़कों पर सन्नाटा भी दिखाई दिया। शादियों के सीजन में भी बाजार में शाम के समय रौनक दिखाई दी। दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण विद्युत केबिलों पर भी अधिक लोड रहने से फाल्ट की स्थिति निर्मित हो रही है। बिजली गुल होते ही उमश भरी गर्मी से जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। गर्म हवा और लू के थपेड़ों से हाल बेहाल हैं। ऐसे में शहर एवं ग्रामीण अंचलों में हो रही बिजली कटौती से जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अप्रैल माह के बाद मई माह में भी गर्मी के तेवर लगातार बढ़ने के संकेत मौसम विभाग की बेवसाइटों के पूर्वानुमान बताते हुए दिन का तापमान आगामी दिनों में 46 डिग्री तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। राजस्थान की ओर से चल रही गर्म हवाओं के कारण दिन प्रतिदिन पारा बढ़ रहा है। मई माह के दूसरे सप्ताह तक मौसम विभाग की बेवसाइटों पर पारे में बढ़ोत्तरी बताई गई है। दिन का अधिकतम तापमान 41 है तो रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की वेबसाइटों के अनुरूप इस साल तेज गर्मी पढ़ने के आसार हैं, तेज धूप के कारण दुपहिया वाहन चालक मूंह पर कपड़ा बांधकर और सिर को ढककर चलने को मजबूर रहे। शाम 6 बजे के बाद भी भीषण गर्मी के कारण गर्म हवाएं चलती रहीं। मई माह शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना प्रारंभकर दिया है।

वहीं इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी गर्मी के कारण कूलर पंखों की मांग बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण बैटरी वाले पंखों की मांग अधिक है। गर्मी से लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर देखने को मिल रहा है। वहीं अस्पताल में प्रतिदिन उल्टी दस्त के मरीज पहुंच रहे हैं।

### सुबह के समय बेतवा घाट पर नहाने पहुंच रहे लोग और छोटे बच्चे

लगातार बढ़ते तापमान के कारण लोग सुबह बेतवा नदी के घाट पर पहुंचकर तैराकी के गुण सीख रहे हैं, तो वहीं प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा नदी के घाट पर पहुंचकर पानी में मौज मस्ती कर गर्मी से निजात पा रहे हैं। बाजार में इन दिनों शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। ठण्डे पेय पदार्थ की पूर्ति मांग अनुसार नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा बाजार में मिट्टी से बने हुए मटकों की मांग लगातार बनी हुई है। कुम्हारों का कहना है कि वह शहर में मांग के अनुरूप मिट्टी के वर्तन नहीं दे पा रहे हैं।

# चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त शिकायत पर 17 वर्षीय नाबालिग बालिका बाल विवाह रोका गया



**जागरण, गंजबासौदा।** शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त शिकायत पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा एवं विवेक शर्मा सहायक संचालक के निर्देशन में महिला बाल विकास विभाग की टीम को तत्काल गंजबासौदा परियोजना अंतर्गत ग्राम काजी किरोदा भेजा गया।

टीम द्वारा गंजबासौदा परियोजना अधिकारी वीपी सिंह को भी जानकारी दी गई और गंजबासौदा सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया को चाइल्ड हेल्पलाइन से प्राप्त बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी के निर्देशन में उदयपुर चौकी प्रभारी डी एस रघुवंशी को पुलिस बल के साथ ग्राम काजी किरोदा भेजा गया। जहां पर बालिका की आयु संबंधी जानकारी ली गई। बालिका जन्म प्रमाण पत्र में बालिका की आयु 17 वर्ष पाई गई। बालिका का विवाह दिनांक 26 अप्रैल 2026 को कोलार भोपाल निवासी से विवाह होना तय हुआ था। लड़की पक्ष के परिजनों एवं उपस्थित रिश्तेदारों को बाल विवाह रोकथाम की जानकारी दी गई। परिजनों एवं उपस्थित रिश्तेदारों से लिखित सहमति ली गई। परिजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा बालका का विवाह 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर ही विवाह करने पर सहमति दी गई। लड़का पक्ष को भी जानकारी दी गई की बालिका नाबालिग है। विवाह की निर्धारित आयु सीमा पूर्ण करने पर ही आप बालिका से विवाह कर सकते हैं। मौके पर ही कथन और पंचनामा की कार्रवाई की गई। परिजनों रिश्तेदारों की सहमति होने पर बाल विवाह को समझाईश देकर रोका गया। बाल विवाह रोकने की कार्रवाई के दौरान मुकेश ताम्रकार बाल विवाह रोकथाम प्रभारी, श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा सेक्टर पर्यवेक्षक, डी.एस. रघुवंशी चौकी प्रभारी उदयपुर, रत्नेश रोहित पुलिस आरक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गीता दांगी उपस्थित रही।

## डॉल्फिन के छात्र राजीव शिल्पकार का सुयश



**जागरण, गंजबासौदा।** डॉल्फिन स्कूल के कक्षा 9 वी के छात्र राजीव पुत्र योगेश राखी शिल्पकार ने फर्स्ट डिवीजन से कक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा में स्थान प्राप्त किया। छात्र ने गणित विषय में 100 में से 94 अंक प्राप्त किए। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पेड़ की छांव में सो रहे युवक पर चार पहिया वाहन का वाहन चढ़ा



**जागरण, गंजबासौदा।** तहसील परिसर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है जहां एक युवक की चार पहिया वाहन के नीचे आने से मौत हो गई है। मृतक युवक युवक पेड़ के नीचे छांव में सो रहा था तभी वाहन चालक ने अपने वाहन को पीछे लेकर आगे बढ़ाया और गाड़ी का पहिया युवक के ऊपर चढ़ गया। तुरंत युवक को शासकीय जनचिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान सिरोंज क्षेत्र के सुगना खेड़ी निवासी मोहर सिंह कुशवाहा के रूप में हुई है। शहर थाना निरीक्षक संजय बेदिया ने बताया कि वाहन को सुपुर्दगी में ले लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामला दर्ज कर जांच में लिया है। वाहन चालक के दस्तावेजों की जांच भी पुलिस कर रही है।

# 11 हजार के काजू-बादाम ले गया चोर

**जागरण, गंजबासौदा।** शुक्रवार की देर शाम नेहरू चौक स्थित एक किराना दुकान से 11 हजार रूपये के काजू-बादाम ले जाने के बाद पैसे न मिलने की शिकायत शहर थाने में की गई। इस पूरे मामले में पुलिस ने दुकानदार से शिकायती आवेदन लेकर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति ने काजू-बादाम दुकान से मंगवाये थे, उसने पैसे दुकानदार के कर्मचार समक्ष कर किसी और को दे दिए। जबकि दुकानदार का कर्मचारी बादाम शेक पी रहा था। शहर थाना निरीक्षक संजय बेदिया ने बताया कि नेहरू चौक स्थित सिंघई ट्रेडर्स की दुकान के सामने बादाम शेक का ठेला लगाने वाले व्यक्ति ने फोन करके कहा कि आप 6 किलो काजू और 6 किलो बादाम पैक करके मेरे घर भिजवा दें। दुकानदार ने काजू और बादाम पैक करके अपने कर्मचारी के साथ भेज दिए। कर्मचारी ने भी जब सामान उसे दिया तो वह वहां बैठकर बादाम शेक पीने लगा और रूपये का लेन-देन हुआ। दुकानदार का कर्मचारी बापिस लौटा और पैसे न देने की बात बताई। जब दुकानदार ने संबंधित व्यक्ति से बात की तो उसने बताया कि 9 हजार रूपये आपके कर्मचारी को दे दिए हैं। इस तरह किराना व्यापारी को 11 हजार रूपये का चूना लग गया। फिल्हाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नपा ने दुकानों के सामने गंदगी करने वालों पर लगाया स्पॉट फाइन

**जागरण, गंजबासौदा।** शनिवार को नगर पालिका दल ने नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए 75 माईक्रोन से कम मोटाई वाली पॉलीथिन को जप्त कर जुर्माने की कार्यवाही की है। नपा अमले ने जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक क्षेत्र में सघन भ्रमण करते हुए 5400 रूपये की यह कार्यवाही की है। इस दौरान टीम ने गंदगी करने वाले दुकानदारों पर भी स्पॉट फाइन किया। नपाकर्मी वरूण चौबे ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत यह निरीक्षण कार्यवाही की है। इस दौरान गन्ना रस के ठेलों पर बड़ी संख्या में 75 माईक्रोन से कम मोटाई वाले डिस्पोजल भी जप्त किए हैं। शहर में कई दुकानदार ऐसे हैं जो प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय कर रहे हैं। ऐसे में उन दुकानदारों पर भी बड़ी कार्यवाही नगर पालिका द्वारा की जानी है।




# शासकीय स्कूल महोटी में छात्राओं को किया निःशुल्क साइकिलों का वितरण



**जागरण, लटेरी।** शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में शनिवार को शासकीय हाई स्कूल महोटी में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 6वीं और 9वीं के पात्र छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। साइकिल प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि इन साइकिलों से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की स्कूल की राह आसान होगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता आएगी। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नियमित स्कूल आने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आज होगा भादूगांव में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

**जागरण, हरदा।** जिले के टिमरनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी स्थापना के उपलक्ष्य में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 26 अप्रैल से हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। महोत्सव पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न होगा।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 26 अप्रैल 2026

शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर

www.dainikjagranmpcg.com


## ऑगनबाड़ी केंद्र में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**जागरण, हरदा।** वन स्टॉप सेंटर द्वारा ऑगनवाडी केन्द्र क्रमांक 01 में समापन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर सुश्री रितु राजपूत ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही हब फॉर एंपावरमेंट के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

## न्यूज कार्नर

### 10वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त बच्चों का आज होगा सम्मान

**विदिशा।** ओलंपस हाई स्कूल द्वारा विदिशा शहर एवं आस पास के क्षेत्र के कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त बच्चों का सम्मान समारोह आज ओलंपस हाई विधालय में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईपीएस रोहित काशवानी पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी देते हुए स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया की कार्यक्रम में 114 मेधावी एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई के इंग्लिश मीडियम प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है जिन्हें पुरस्कार के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा साथ ही स्कालरशिप भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से रहेगा जिसमें बच्चों के अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर बच्चों की हौसलाफजाई करेंगे।

### कर्मचारियों की हड़ताल 20वें दिन भी जारी रही

**विदिशा।** पिछले 7 माह से वेतन न मिलने के कारण एसएटीआई पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लगभग 120 कर्मचारी भीषण गर्मी में लगातार हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इस भीषण गर्मी के कारण कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है एवं कई कर्मचारियों का स्वास्थ्य बिगड़ चुका है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है की यह हमारी आजीविका का सवाल है इसलिए हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकते अतः जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी हम यहां से नहीं हटेंगे। धरना स्थल पर संस्था के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके सेवानिवृत्त हरी बाबू शर्मा ने आकर सभी कर्मचारियों से संपर्क किया एवं कर्मचारियों को अपना समर्थन व्यक्त किया उन्होंने कहा की अत्यंत खेद का विषय है की इस गौरवशाली संस्था को आज यह दुर्दिन देखना पड़ रहे हैं। संस्था के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश पीडब्ल्यूडी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने भी धरना स्थल पर आकर सभी कर्मचारियों से बातचीत की एवं इन परिस्थितियों पर अत्यंत खेद प्रकट किया तथा अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। शिवसेना पदाधिकारीयों ने अपने साथियों के साथ आज दुर्गा नगर चौराहे से एसएटीआई गेट तक विरोध प्रदर्शन किया एवं संस्था में आकर कर प्राचार्य को एक मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेंट किया।

### शार्ट सर्किट से आग लगना माना जा रहा कारण, करीब डेढ़ घंटे में पाया काबू

# फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आगः इलेक्ट्रॉनिक्स सामान सहित सौफे आदि सब जलकर हुए राख

जागरण विदिशा





शहर में बस स्टैंड के समीप स्थित प्राचीन देवी का बाग मंदिर के समीप आग लगने से इस मंदिर की बाउंड्रीवाल से लगकर बड़े क्षेत्र में स्थित टीन शेड आग की चपेट में आ गया। इससे दुकान में बड़ी संख्या में रखा फर्नीचर व इलेक्ट्रानिक्स उपकरण आदि आग में जलकर खाक हो गए। इस आग से फर्नीचर विक्रेता को लाखों रुपए का नुकसान होना माना जा रहा है। आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट से चिंगारी गिरना माना जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग को नियंत्रित किया।

यह घटना शाम 5.30 बजे के करीब हुई। आग इतनी भयावह थी कि आसपास क्षेत्र में धुएं के ऊंचे गुबार उठते देख क्षेत्र के लोग मौके पर जमा हो गए। आस-पास आग को देखने के लिए लोगों भीड़ जमा हो गई। यह मंदिर विदिशा सांची मार्ग पर होने से इस मार्ग पर गुजरते वाहन भी सड़कों पर रुकते चले गए सड़क पर आवागमन थम-सा गया। सूचना पर एक के बाद एक फायर ब्रिगेड वाहन आते रहे और आग को नियंत्रित करने की मशक्कत होती रही। शेड के अंदर आग धूंधूं कर जल रही थी। ऐसे में जेसीबी के जरिए इस शेड की टीनें हटवाई गई और फिर आग बुझाने के प्रयास होते रहे। कोतवाली एवं सिविल लाइन थाना से भी पुलिस बल पहुंचा और सड़क पर से भीड़ एवं घटना स्थल पर मौजूद रहकर आग को नियंत्रित कराने में मशक्कत करता रहा। वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना था कि आग के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड को फोन लगाते रहे लेकिन कंट्रोल रूम का फोन नहीं लगा और फायर ब्रिगेड को आने में भी काफी बिलंब हुआ तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। इधर फायर बिग्रेड कर्मचारियों के पांच फायर ब्रिगेड लगातार आग बुझाने में लगी रही और करीब दो घंटे तक आग बुझाने का कार्य जारी रहा।

### कुछ मिनटों में ही आग ने लिया विकराल रूप

इधर शेड में स्थित फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक विक्रेता विजय सुंदरानी ने बताया कि मंदिर के पीछे के कोने की तरफ लगे खंभे में स्पार्किंग हुई और चिंगारियां नीचे गिरी। इस दौरान वह दुकान के आगे की ओर था। आग देखते ही सामान को व्यवस्थित करने का प्रयास किया। कुछ ही मिनट में आग तेजी से फैल गई। इस आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। आग में फर्नीचर, सोफा, टीवी, फ्रीज, वॉसिंग मशीन सहित आदि सामान जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में लपटें ऊंची उठने लगीं। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन लेकिन फायर ब्रिगेड आधे घंटे बाद आ पाई।

### सड़क पर भारी भीड़ के कारण भी रही समस्या

सड़क पर इस दौरान काफी भीड़ हो जाने से काफी देर तक यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। इस दौरान कोतवाली टीआई, सिविल लाइन टीआई, यातायात थाना प्रभारी सहित पुलिस बल को आवागमन सुलभ बनाने में काफी मशक्कत करना पड़ी। एसपी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## नीट यूजी परीक्षा की सुरक्षा को लेकर एसपी ने लिया जायजा

जागरण विदिशा

नीट यूजी 2026 परीक्षा सुचारू निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, राजमाता विजयराजे सिंधिया गर्ल्स कॉलेज, एक्सीलेंस स्कूल का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा गाइडलाइन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल महिला स्टाफ सहित की तैनाती सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक केंद्र पर सशस्त्र पुलिस कर्मी की उपस्थिति अनिवार्य रहे। प्रश्न पत्र एवं परीक्षा सामग्री को परीक्षा प्रारंभ होने तक पुलिस सुरक्षा एवं सीसीटीवी निगरानी में रखा जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिला स्तर पर मॉनिटरिंग सेंटर स्थापित किया जाए। अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग प्रवेश द्वार पर ही की जाए। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला स्टाफ द्वारा सुरक्षित स्थान पर कराई जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

## नगर पालिका के कचरा वाहन चालक से मारपीट पार्षद प्रतिनिधि के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### गुस्साए वाहन चालक एवं कर्मचारियों ने कोतवाली में किया प्रदर्शन

जागरण विदिशा



शनिवार की सुबह वार्ड क्रमांक 21 में नगर पालिका के कचरा वाहन के चालक से मारपीट और अभद्रता होने पर नपा वाहन चालक व अन्य कर्मचारियों में आक्रोश बड़ा और वे मारपीट करने वाले खिलाफ कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन कर पार्षद प्रतिनिधि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करने लगे। इस मामले में पुलिस ने कम्मू अहिरवार उर्फ कमलेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

वाहन चालक शिकायतकर्ता नरेन्द्र पंथी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक वह सुबह 7 बजे अपने साथी राहुल वाल्मिकी के वार्ड नं 21 में कचरा गाड़ी लेकर कचरा लेने गया था। आधे वार्ड का कचरा लेने के बाद सुबह 9.30 बजे लड्डा एजेंसी वाली गली से कम्मू अहिरवार के घर के सामने से गाड़ी लेकर जा रहा था। उसी दौरान कम्मू अहिरवार ने गाड़ी इतनी लेट लेकर क्यों आया इस बात को लेकर उन्होंने अभद्रता की और मेरे साथ मारपीट व जान मारने की धमकी दी गई एवं कचरा गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। कम्मू अहिरवार के साथ उसका भतीजा भी था। वाहन चालकों व कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं हुई तो वे सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने वीसी के जरिए की समीक्षा

**जागरण विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में जारी गेहूं उपार्जन कार्यों की गहन समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई है। प्रदेश के समस्त जिलों में उपार्जन कार्यों को लेकर उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, उपार्जन कार्य सतत रूप से संचालित हो पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दी हैं कि प्रदेश के समस्त उपार्जन केन्द्रों पर बढ़ती गर्मी को ध्यानगत रखते हुए किसानों के लिए ठंडा पेयजल सहित पर्याप्त छाया और बैठने के इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा उक्त वीसी के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान तहत जिलों में क्रियान्वित कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए हैं।

## आम आदमी पार्टी के धरने में पहुंचे विधायक टंडन, खत्म कराया धरना




जागरण विदिशा

मिर्जापुर क्षेत्र स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में आम आदमी पार्टी द्वारा चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को समाप्त हो गया। यह धरना विधायक मुकेश टंडन के हस्तक्षेप के बाद खत्म हुआ। जानकारी के अनुसार विधायक स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और पिछले एक सप्ताह से परेशान किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री का हवाला देते हुए किसानों की ट्रालियों का तौल सुनिश्चित कराने की बात कही। इसके बाद शनिवार को भी समन्वय के साथ किसानों की ट्रालियों का तौल किया गयाए जिससे किसानों को राहत मिली।

विधायक ने मंडी सचिव, कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं सुचारू बनाया जाए ताकि किसानों को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विधायक टंडन ने कहा कि प्रदेश के मुखिया स्वयं विधायकों से सीधे संवाद करेंगे। वे अपने क्षेत्र की सभी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे और जल्द ही किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा। धरना समाप्त होने के बाद किसानों ने भी राहत की सांस ली और प्रशासन से बेहतर व्यवस्था की उम्मीद जताई।

## रसोई गैस सिलेंडर में से अचानक निकलने लगा पानी, उपभोक्ता ने की शिकायत

जागरण ग्यारसपुर



क्षेत्र में रसोई गैस उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला एक गैस एजेंसी ग्यारसपुर से जुड़ा है। जहां गैस सिलेंडर में पानी निकलने की शिकायत सामने आई है। ग्राम की निवासी विनीता बाई कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन लिया था और दिनांक 13 अप्रैल 2026 को 930 रुपए में सिलेंडर भरवाया था। गैस भरवाने के करीब 12 दिन बाद अचानक सिलेंडर ने काम करना बंद कर दिया। परिजनों ने जब सिलेंडर को उठाकर देखा तो उसमें पानी जैसी आवाज आ रही थी। सिलेंडर को दबाने पर उसमें से तेज गति से पानी निकलने लगा।

इस संबंध में रमेश कुशवाहा सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंचे। जहां जांच के दौरान यह पाया गया कि लगभग 4 किलो गैस उपयोग हो चुकी थी, लेकिन सिलेंडर में शेष पानी भरा हुआ था। पीड़ित परिवार ने एजेंसी संचालक अभिषेक सुगंधि से शिकायत की, लेकिन उन्होंने सिलेंडर बदलने या वापस लेने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पत्रकारों के माध्यम से एसडीएमए तहसीलदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे नया सिलेंडर भरवाने में असमर्थ हैं, जबकि अधिकारियों द्वारा दूसरा सिलेंडर लेने की सलाह दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि एक गैस एजेंसी से सिलेंडर लेने के लिए उन्हें करीब दो किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र तक जाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त परेशानी होती है। कई उपभोक्ता सिलेंडर के इंतजार में घंटों खड़े रहते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित उपभोक्ता को न्याय दिलाने की मांग की है।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का समापन सह कार्यक्रम आयोजित

**जागरण विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय छात्रावास में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत समापन सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रावास में निवासरत बालिकाओं को जीवन कौशल, उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं शासन की विभिन्न सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा जेंडर समानता, आत्म.सुरक्षा, लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बालिकाओं को बताया गया कि महिला एवं पुरुष दोनों को समान अधिकार प्राप्त हैं।

## भीषण गर्मी में सांची बेहालः बिजली पानी ने छोड़ा साथ प्रशासन बेपरवाह

### करोड़ों की योजनाओं के दावे हवा में जलसंकट और बिजली कटौती से त्रस्त आमजन

जागरण सांची



विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी सांची इन दिनों भीषण गर्मी के बीच मूलभूत सुविधाओं के गंभीर संकट से जूझ रही है। बढ़ते तापमान के साथ बिजली और पानी की बदहाल व्यवस्था ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। हालात यह हैं कि प्रशासन और सरकार के दावे जमीनी स्तर पर बेमानी साबित हो रहे हैं। नगर में विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद कई क्षेत्रों में सड़क, नाली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी अधूरी हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सीएम हेल्पलाइन तक शिकायतें पहुंचने के बावजूद समाधान केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रहा है। विकराल गर्मी में गहराया जल संकट रू. गर्मी के बढ़ते ही पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है।

पहले जहां सीमित समय के लिए जलापूर्ति हो रही थी अब दो दिन में एक बार पानी दिया जा रहा है। वह भी अनिश्चित समय पर। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में जल संवर्धन योजना के तहत करीब 1.25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। वर्ष 2020 में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य 2023 तक हर घर जल पहुंचाना था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी योजना अधूरी है। पाइपलाइन के नाम पर

### बिजली व्यवस्था भी ध्वस्त

बिजली व्यवस्था भी चरमराई सांची को कभी 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए वीआईपी श्रेणी में रखा गया था, लेकिन वर्तमान में बिजली आने.जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। बार.बार केबल जलने और अनियमित सप्लाई से हालात और बिगड़ गए हैं। बिजली व्यवस्था की इस अव्यवस्था का सीधा असर पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र में उपलब्ध नहीं रहते और फोन कॉल का जवाब भी नहीं देते जिससे आमजन की समस्या का हल नहीं हो पाता है इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

### माधवगंज पर किसानों की समस्याओं पर एक दिवसीय प्रदर्शन, इधर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की उठाई मांग

# एक तरफ किसानों की भूख हड़ताल तो दूसरी तरफ महिला आरक्षण को लेकर प्रदर्शन

जागरण विदिशा




माधवगंज चौराहा पर शनिवार को किसान कांग्रेस के तत्वावधान में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनीत सिंह दांगी ने कहा कि आज़ादी के बाद से देश में किसानों की स्थिति सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। मूल्य निर्धारण आयोग सीएसीपी की स्थापना कर फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने की व्यवस्था बनाई गई। वहीं स्वामीनाथन आयोग ने किसानों को लागत का डेढ़ गुना मूल्य देने की सिफारिश कर एक मजबूत आधार प्रस्तुत किया। हरित क्रांति के माध्यम से देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया गया, जिसमें कांग्रेस सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने किसानों के हित में ऋण माफी, समर्थन मूल्य में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए।

लेकिन वर्तमान में किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सैटेलाइट सर्वे के नाम पर स्लॉट बुकिंग में बाधाएं मध्यम एवं बड़े किसानों का पंजीयन बंद होना। खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाएं और प्रति क्विंटल 400 से 600 तक की कटौती जैसी समस्याएं किसानों के साथ खुला अन्याय हैं।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और खरीदी प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ेगी। इस दौरान सुभाष बोहत, गोविन्द सिंह राजपूत, सुशील शर्मा, अरूण अवस्थी ने भी संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन आशीष महेश्वरी द्वारा किया गया।

भूख हड़ताल में कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज जैन, जिला निर्वाचन प्रभारी अंकुर गुप्ता, असलम पटेल, नवीन शर्मा, सिरोंज विधानसभा अध्यक्ष आयुष शर्मा, राजकुमार शर्मा, रामराज दांगी, विक्की शर्मा, चंद्रभान दांगी, मोहन लोधी, रणधीर सिंह, शेर सिंह राजपूत, मुआज कामिल आदि उपस्थित रहे।

### यह मांगें रखीं

मध्यम एवं बड़े किसानों की खरीदी तत्काल शुरू की जाए। सैटेलाइट सर्वे के कारण हो रही स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान किया जाए। खरीदी केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर किया जाए। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए आदि मांगें शामिल हैं।

### भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रही महिला कांग्रेस को पुलिस ने रोका



महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता माधवगंज से भाजपा कार्यालय घेरने के लिए रैली निकाल रही थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया।

रैली को रोकने के लिए पुलिस ने दो स्थानों पर बैरिकेडिंग की थी। जब कार्यकर्ता आगे बढ़ीं तो पुलिस से हल्की झड़प हुई। इसके बाद महिला कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगीं, जिससे कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। यह रैली महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार के नेतृत्व में निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रियंका किरार ने आरोप लगाया कि 2023 में लोकसभा से पारित महिला आरक्षण कानून को केंद्र सरकार जानबूझकर लागू नहीं कर रही है और परिसीमन का बहाना बनाकर महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर किया गया है। मांग है कि लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। प्रदर्शन के बाद महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।